प्रकरण संख्या 77/2022

अज अदालत – अपर कलक्टर मुकाम अजमेर

रामरतन बनाम मुलाफनवी व अन्य

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
3/3/23	राज० टेनेन्सी एवं रेस्टो० सं० 1 व 7 स्वयं उप०/अपीलांट की ओर से व वकील श्री राजेश जोशी ने वकालतनामा एवं प्रार्थना पत्र वास्ते शीघ्र सुनवाई/प्रकरण नोट प्रेस किये जाने पेश किया। वकील अपीलांट/प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पर पत्रावली हकार वलब करने पर आज पेश हुई। वकील अपीलांट/प्रार्थी के निवेदन पर उक्त प्रार्थना-पत्र प्रकरण नोट प्रेस किये जाने पर सुना गया। वकील अपीलांट/प्रार्थी ने प्रार्थना-पत्र तथ्यों को दोहराते हुये निवेदन किया कि अपीलांट/प्रार्थी व रेस्पो०/अप्रार्थीगण के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। फलस्वरूप प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहते हैं एवं लोक-अदालत की भावना से अपील नोट प्रेस करना चाहते हैं। अतः प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र स्वीकार करते हुये अपील को अपनी स्तर पर ही खारिज नोट प्रेस निरस्त किये जाने के आदेश अभिलेख में प्रदान करें। अपने कथनों के समर्थन में अपीलांट ने आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर अंकित किये। वकील अपीलांट श्री राजेश जोशी ने उक्त पहचान आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर अंकित किये। रेस्पो० सं० 1 व 7 ने आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर अंकित किये। इस प्रार्थना-पत्र में निवेदित तथ्यों पर मनन किया। उक्त पक्षकारान के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है एवं वे अपील को आगे चलाना नहीं चाहते हैं। अतः प्रस्तुत अपील में किसी और अनुतोष की आवश्यकता नहीं होने से प्रार्थना-पत्र अभिलेख में स्वीकार किया जाकर अपील अपनी स्तर पर ही खारिज नोट प्रेस किये जाने से निरस्त की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार में डाल नंबर से कम हो।	रामरतन कलवा (जगदीश प्रसाद) D. Bm राजेश जोशी रामेश्वर लाल (गुलाफनवी)

(राजेन्द्र सिंह)
अपर कलक्टर अजमेर